तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024

12 घर के आसपास गड्ढों में नालियों का पानी जमा...



12 युवा देश की आन बान और शान है: जितेंद्र





## खबर संक्षेप

### आवास के नाम पर लाखों के जेवर पार

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर से ठगी गिरोह सक्रिय हो गया है। शनिवार को एक ही दिन में पीएम आवास के नाम पर दो महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पटेवा पुलिस ने संपर्क नंबर जारी किया है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार प्रलोभन दिए जाने पर फोन नंबर पर कॉल करने की अपील की है। पहला मामला पटेवा थानांतर्गत ग्राम जोगीडीपा का है। जहां पर लीला बाई कुर्रे पति नवधरम कुर्रे 55 साल के पास दो अज्ञात बाइक सवार पहुंचे और बताया कि उसके नाम पर आवास की स्वीकृति मिली है, जिसके लिए फोटो खींचकर भेजना है। फोटो खींचने से पहले एक व्यक्ति ने महिला द्वारा पहने सोने-चांदी के जेवर को उतार लेने को कहा और दूसरे व्यक्ति ने बातों में उलझाकर जेवर को लेकर फरार हो गए। चुराए गए जेवर की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। वहीं, इसके बाद ग्राम छिंदौली में भी इसी तरह के वारदात को अंजाम देने की सूचना मिल रही है। इधर, पटेवा एवं आसपास के गांवो में ठगी के वारदात होने के बाद पुलिस भी सतर्क हो गई है।

### जान्हवी पहले प्रयास में ही हुई जेईई में चयनित

**महासमुंद।** जेईई मेंस 2024 के बहुप्रतीक्षित परिणाम घोषित हुए जिसमें शहर के रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल की छात्रा जाह्नवी दीवान ने अपने पहले प्रयास में ही जेईई क्वालीफाई कर लिया।
जान्हवी की इस सफलता पर रिवरडेल प्रबंधन से सिंपल गोयल, गोविंद मुदलियार, प्राचार्य पूजा शर्मा, उपप्राचार्या डॉ मोहुआ सिंह सहित शिक्षकों ने हर्ष जताया है। छात्रा की इस सफलता के लिए स्कूल प्राचार्या पूजा शर्मा ने उसकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्राचार्या शर्मा ने बताया कि रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने जेईई/नीट की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान हेक्सामाइंड के सहयोग से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्रदान करके एक कदम आगे बढ़ाया है।







### लोकसभा चुनाव 2024 : आमामोरा और ओढ़ से मतदान दल हेलीकॉप्टर से लौटे

# मतदान की प्रकिया पूरी कर सभी मतदान दलों की सकुशल वापसी

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में शुक्रवार को हुए मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। इसके परिणाम स्वरूप जिले में कुल 78.39 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र बिंद्रानवागढ़ के मतदान केंद्रों में सर्वाधिक 81.19 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्रामीणों ने बढ़-चढकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार राजिम क्षेत्र अंतर्गत 75.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए अच्छा खासा उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। दूरस्थ क्षेत्र आमामोरा और ओढ़ से भी मतदान दल आज हेलीकॉप्टर से सकुशल लौट आए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इन मतदान दलों का वापसी होने पर गुलाब फुल देकर स्वागत किया। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री को जमा किया गया। मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है। आज सुबह विधानसभा क्षेत्र राजिम के सभी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनों को व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम में रखकर सील किया गया। इसी प्रकार आमामोरा और ओढ़ से मतदान दलों के वापसी उपरांत दोपहर विधानसभा बिंद्रानवागढ़ के वोटिंग मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। मतगणना 4 जून 2024 को जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

### जिले में 78.39 प्रतिशत हुआ मतदान







### वोट डालने लोगों में रहा उत्साह

उल्लेखनीय है की कलेक्टर श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपादन के लिए मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। केंद्रों में पानी, छाया, बैठक व्यवस्था, मतदाता मित्र, दिव्यांग रथ, व्हीलचेयर सहित आदर्श मतदान केन्द्र आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इसके फलस्वरूप शुक्रवार को मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लम्बी लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग एवं युवा मतदाताओं के अलावा पहले वोट डालने के लिए भी लोग काफी उत्साहित रहे।

### सेल्फी लेकर मतदाताओं ने खुशी जाहिर की

जिले के सभी वर्गो के लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल मतदान केन्द्रों का लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। जिले में निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### अति संवेदनशील क्षेत्र में हुई लोकतंत्र की जीत, सभी मतदान दल सुरक्षित वापस लौटे

.गरियाबंद। महासमुंद लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न कराने के बाद पोलिंग पार्टी मुख्यालय वापस लौट आया है। 8 विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराकर ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करवाने की प्रक्रिया कल रात से शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक मतदान केंद्रों पर चुनाव संपन्न कराने के बाद सभी मतदान दल कड़ी सुरक्षा में वापस लौट रहे हैं। जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र आमामौरा और ओढ़ जैसे मतदान केंद्र से मतदान दलों को हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित वापस लाया गया है। मतदान दल के वापस पहुंचने पर मतदानकर्मियों का कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने फूलों से स्वागत किया गया।

### सभी मतदान दल सुरक्षित वापस लौटे

वापस लौटे मतदानकर्मियों ने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि जवानों ने सुरक्षा के साये में मतदान केन्द्रों तक पहुंचाया। उनकी भरपूर मदद शामिल रही। इस बार महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई। पुरूषों के साथ महिला बुजुर्ग और युवाओं ने भी बढ़ चढ़कर मतदान किया। मतदान केंद्रों से लेकर अति संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किये जाने से किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

## कोरासी जुनवानी व पाटशिवनी में मानसगान का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम कोरासी जुनवानी और पाटशिवनी में 28 से 30 अप्रैल तक तीन दिवसीय श्रीराम चरित संगीतमय मानसगान का आयोजन होगा। जिसका शुभारंभ दोपहर 12 भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। जिसमें आमंत्रित ख्याति प्राप्त मानस मंडली प्रस्तुति देंगें।

जिसमें प्रथम दिवस पर राम रमाईया मानस परिवार कोरासी छुरा, नवा सुरूज मानस परिवार बनगवां फिंगेश्वर, राम राम मानस परिवार मड़ेली छुरा, द्वितीय दिवस पर राम रमाईया मानस परिवार कोरासी छुरा, जय बजरंग मानस परिवार गोदलाबाहरा छुरा,जय सिध्देश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा, हरि केश मंगलम मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, स्तुति मानस परिवार अमोली झलप पिथौरा, जय भोले मानस परिवार भेजराडिही गरियाबंद, जय माँ दुर्गा मानस एवं जगराता ग्रुप बासिन राजिम, उवत सुरुज मानस परिवार झितरीडुमर



गरियाबंद, प्रज्ञा मानस परिवार सोरिह खुर्द छुरा, तृतीय दिवस पर सत्संग मानस परिवार कनेसर छुरा, जय माँ शारदा महिला मानस परिवार रानीपरतेवा छुरा, पारसमणी मानस परिवार रामपुर श्री हरि महिमा महिला मानस मंडली परसदा फिंगेश्वर, मधुमारुति मानस परिवार गोजिनारी(राजिम, जय राजिव लोचन मानस परिवार परतेवा राजिम, करुणा सागर मानस परिवार कन्नेवाड़ा करहीभदर, बालोद चंद्रीका माणिकपुरी श्रीराम चरित मानस मंडली चारमा (कांकेर) श्रध्दा महिला मानस परिवार मड़यिापार गुण्डरदेही जिला-बालोद द्वारा सुन्दर प्रस्तुति देंगें। वहां तीनों गांव में समस्त ग्रामवासियों की तैयारियां जोरों से की गई है।

## मंदिर परिसर में हुआ एक जोड़े का आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शनिवार को राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में आदर्श विवाह का आयोजन साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के एवं परिजनों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। दुल्हा करण साहू पिता मन्नू साहू ग्राम परसदा जोशी जिला गरियाबंद एवं दुल्हन चेतना साहू पिता गिरिराज साहू ग्राम गोजी नारी जिला धमतरी का आदर्श विवाह भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर में स्थित राजिम भक्तिन माता मंदिर के प्रांगण में घनश्याम साहू एवं



यामिनी साहू के मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह में वर एवं वधु पक्ष के परिजन सहित साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नूतन साहू, लोकनाथ साहू , रामकुमार साहू, तरुण साहू, नारायण साहू, ललित साहू, सुनीति साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष भवानी साहू, मनहरण साहू, जीवन साहू, योगेंद्र साहू, नेहरू साहू ,नेतराम साहू, लक्ष्मण साहू, भीष्म साहू मौजूद थे। आदर्श विवाह के बाद वर-वधु द्वारा राजिम भक्तिन माता की पूजा आरती किया गया।

## 6 मतदान केन्द्रों में चुनाव बहिष्कार की घोषणा एसपी की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत उदंती अभ्यारण के भीतर बसे ग्राम कोयबा, साहेबिनकछार, क्षेत्र के लोग सप्ताहभर पहले चुनाव बहिष्कार का एलान कर प्रशासन की नींद उड़ा दिया था। कल शुक्रवार को जब पूरे इलाके में मतदान केंद्रों में चहल पहल थी तो वही कोयबा के दो मतदान केंद्र नागेश, साहेबिनकछार, कोदोमाली व गरीबा मतदान केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा। दिन चढ़ते जा रहा था प्रशासन में खलबली मची हुई थी। सुबह 10 बजे इन क्षेत्रों के प्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ चर्चा करने उन्हें ग्राम बम्हनीझोला बुलाया गया। मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी बाजीलाल सिंह के साथ कई



अफसरों ने ग्रामीणों से चर्चा शुरू की। शुरुआती 2 घंटे की चर्चा में ग्रामीणों का तेवर कम नहीं हुआ। समस्याओं से घिरे ग्रामीणों के ज्यादातर सवालों के उत्तर अफसरों के पास नहीं थे। बात बनने के बजाए बिगड़ती जा रही थी। इस बैठक की पल पल की सूचना जिला प्रशासन ले रही थी, ऐसे में मोर्चा संभाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले चर्चा करने पहुंचे। पहले उन्होंने सब की बातें सुनी फिर अपनी बात अपने अंदाज में रखना शुरू ▶▶| शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

### सरकार बनने के तीन माह के भीतर पीएम मोदी की गारंटी को पूरी की

## बृजमोहन को रिकार्ड मतों से विजयी बनाएं : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर/ राजिम

अभनपुर विधानसभा के ग्राम पिपरौद में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही 3 महिनों के भीतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पुर्ण करने का काम करके दिखाया है। उन्होने ने रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को रिकार्ड मतो जीताने की अपील करते कहा कि मोदी की गारंटी को पुरी करने की मै गारंटी देता हु। श्री साय ने पूर्व सीएम भुपेश बघेल के ईवीएम वाले बयान पर पलटवार करते कहा कि जब




कांग्रेस चुनाव जीतती है तो इवीएम अच्छा हो जाता है और हारने पर हार का ठिकरा ईवीएम मशीन पर फोड़ा जाता है। अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने लोकसभा चुनाव में अभनपुर विधानसभा से 50 से 60 हजार मतो से जीत दिलाने मुख्यमंत्री श्री साय आश्वस्त किया। सभा को सांसद सुनील सोनी, पुर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, लोकसभा चुनाव संयोजक अशोक बजाज,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, चुनाव प्रभारी संदीप शर्मा व रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग ने भी संबोधित किया।

### बड़ी संख्या में भाजपा में लोग शामिल

अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारी व उनके समर्थको सहित हजारो की संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली, नवप्रवेशियों को मुख्यमंत्री ने भगवा गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इतनी बड़ी संख्या में भाजपा प्रवेश से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रवेश करने वाले कांग्रेसी- रायपुर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष रतिराम साहू, पुर्व युकां प्रदेश सचिव प्रवीण कल्ला, जनपद उपाध्यक्ष राजु बारले, जनपद सभापति जितेन्द्र बंजारे, पुर्व जनपद भेनुराम साहू सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थको ने भाजपा प्रवेश किया। सामाजिक दृष्टिकोण से- मरार समाज जिला अध्यक्ष ईश्वर पटेल के नेतृत्व में 300, सतनामी समाज से जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, मुकेश ढीढी नेतृत्व में 350 लोग वही साहू से ब्रम्हानंद साहू व खोरबाहरा साहू के नेतृत्व में 300 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!
GOAL Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं ।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"
ADMISSION OPEN
FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE
DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open
GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप

### मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। स्टेशन में लगभग 3 सालों से डीसीएम पद खाली था।

### पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। इस जांच से युवाओं को न्याय मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ में जो नौकरियां पीएससी में निकलती थी, उसके लिए कांग्रेसियों ने मंडी सजाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती परीक्षा में धोखा खाने वाले युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड़ी थी। अब इस मामले सीबीआई जांच से दूध का दूध पानी का पानी होगा।

### आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है। इस शिकायत में आपत्ति के पीछे तर्क दिया गया है कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है और तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव के दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों की सभाएं इस मैदान में आयोजित की जाती रही हैं। यहां बसस्टैंड होने के कारण पहले ही मैदान के आसपास भीड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मैदान में मेले का आयोजन से रावणभाठा के आसपास मार्ग पर जाम लगना तय है। मोर्चा ने मेला आयोजन की अनुमति निरस्त कर व्यवस्था दूरस्त करने की मांग की है।

### जबरदस्ती घुसे युवकों को डांस करने से मना किया तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** बारात की परघौनी के दौरान जबरदस्ती घुसकर डांस करने वाले युवकों ने मना करने पर बारातियों के साथ मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी मनीष साहू पिता छबिलाल साहू ने बागबाहरा थाने में मामले की रिपोर्ट लिखाई है। उसने बताया कि मैं ग्राम निमोरा थाना राखी जिला रायपुर का रहने वाला हूं। मेरे दोस्त राहुल पटेल ग्राम खिलोरा की शादी थी, जिसमें 26 अप्रैल को ग्राम खिलोरा से अपने साथी दिवाकर वर्मा, दीनानाथ निषाद, ओंकार साहू एवं हितेश कुर्रे एवं अन्य करीबन 50 – 60 लोग ग्राम हरनादादर के कार्तिक पटेल के घर बारात आए थे। ग्राम हरनादादर में बारात की परघौनी के दौरान रात के करीबन 08:15 बजे इसमें शामिल लोग अपने साथ लाए बैंड पार्टी में नाच रहे थे। इस नाचने के दौरान हमारे बैंड पार्टी में ग्राम हरनादादर के राहुल एवं योगेश अपने दो अन्य साथियों के साथ घुसकर नाचने लगे और धक्का-मुक्की करने लगा। तब उन लोगों को हमने हमारे बैंड पार्टी में नाचने से मना किया। जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मुझे एवं मेरे दोस्त दिवाकर वर्मा, दीनानाथ निषाद के साथ, थप्पड़ एवं धारदार पंच से एवं पहने हुए कड़े से मारपीट की गई।

# मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

## कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना

### अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।






### दान में मिली राशि से

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

## पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

# सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।



### मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध

*मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।*

# स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 50 हजार से 5 लाख तक इलाज

*गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।*

### 2153 करोड़ का क्लेम

*वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।*

### ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

### आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना

**रायपुर।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।



- घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

### अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

*नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।*

## बारिश में घुटनों तक कीचड़ और गर्मी में धूल से रहते हैं परेशान

# थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने प्रशासन से मांगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

श्यामतराई थोक सब्जी मंडी की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्याओं का हल नहीं हो सका है। यहां व्यापार करने वाले व्यापारी और ग्राहक जैसे-तैसे समय निकाल रहे हैं। हर मामले पर उन्हें समझौता करना पड़ता है। इतवारी बाजार से स्थानांतरित हुए उन्हें 10 साल हो गए हैं फिर भी उन्हें सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

व्यापारी अशोक पटेल, रामू वाधवानी, रमेश चुंगानी, प्रीतम सोनकर, राजेश गंगवानी, कांशीराम सोनकर, विकासराव कृदत्त ने बताया कि 10 वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह के अनुरोध पर सभी थोक सब्जी व्यापारी इतवारी बाजार से श्यामतराई कृषि उपज मंडी में शिफ्ट हुए थे। उस समय सभी तरह की सुविधाएं देने का आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक नहीं मिली। वर्तमान में यहां 30 दुकानें संचालित हैं। 2014 में जब शिफ्ट हुए थे तब यहां तीन फीट गड्ढा था जिसे व्यापारियों द्वारा पाटा गया। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के कारण चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां लावारिश मवेशी विचरण करते हैं जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। परिसर का कांक्रीटीकरण नहीं हुआ है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में घुटनों तक कीचड़ रहता है। गर्मी के दिनों में धूल से वे परेशान रहते हैं। दुकानों का एग्रीमेंट अभी तक नहीं हुआ है जबकि शुल्क वे नियमित रूप से पटाते आ रहे हैं। व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती है। परिसर में रोजाना 1000 वाहनों का आना-जाना रहता है। पार्किंग के अभाव में वाहन अस्त-व्यस्त खड़े रहते हैं। वाहनों की चोरी होने की शिकायतें बढ़ी हैं।





# नेशनल कुश्ती में छग के पहलवानों का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वाराणसी में चल रहे सीनियर नेशनल कुश्ती फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने पूरे भारत में अपना दबदबा बनाया और पदकों की झड़ी लगा दी। टीम के कोच लक्ष्मणलाल साहू पहलवान धमतरी जिला कुश्ती अध्यक्ष और खेलो इंडिया स्माल सेंटर के कोच विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रेको रोमन सत्येल 55 किलो में मनु यादव, 60 किलो में अभिषेक निषाद, 72 कोलो में अनीश सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सत्येंद्र यादव ने रजत पदक जीता। 86 किग्रा फ्री स्टीइल में विजेंद्र पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लक्ष्मण लाल ने पहलवानों की हौसला अफजाई के लिए मनु यादव और अभिषेक निषाद को 5-5 केजी बादाम दिया।

## खबर संक्षेप

### जिले की सीमा से दंतैल दूर, किसानों को राहत

**महासमुंद।** महासमुंद-बलौदाबाजार जिले की सीमा में विचरण कर रहा दंतैल सीमा से दूर चला गया है। इससे सीमावर्ती गांव के किसानों ने राहत की सांस ली है। क्योंकि वर्तमान में रबी फसल तैयार हो रही है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। बता दें कि 4 दिन पहले जिले के सिरपुर क्षेत्र में एक हाथी के विचरण के चलते आसपास के करीब 10 गांवों में अलर्ट जारी किया गया था।

### रोटरी क्लब ने स्कूल को थाली भेंट की

**धमतरी।** 18 अप्रैल बुधवार को रोटरी क्लब धमतरी तथा इनर व्हील क्लब धमतरी के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कुकरेल में भोजन की थाली का वितरण किया गया। वितरण रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट अजय गोयल तथा इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती पायल गोयल और सदस्य अमित जायसवाल, आशीष गोयल, माला महावर के हाथों किया गया।

### दरबा में मनी बाबा साहेब अंबेडकर जयंती

**जीजामगांव।** दरबा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई गई। भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे जिन्होंने शोषित और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कन्हैया रात्रे, रामकिशन बंजारे, पुरषोत्तम साहू जनपद सदस्य, पिलेश भारती, मनोज चेलक, हरीश कोसले, तुषार लहरे, डिकेश भारती, भीमन टंडन, प्रवीण कोसले, प्रताप लहरे, मोहित आडिल, आनंद बंजारे, रोशन भारती, रोहित कोसले, प्रकाश कोसले, कीर्तन भारती, विजय कोसले, मयंक बंजारे, सुरुज भारती, शाम बाई, संतोषी बंजारे, प्राब्ति कोशले, जमना रात्रे, गौरी कोसरे, कलाबाई, भारती, संगीता लहरे, बिशाखा भारती, कीर्ति भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एलकेजी के पोर्टल बन्द होने से पालकों में रोष

**मगरलोड।** 10 अप्रैल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुका हैं। मगरलोड भैसमुंडी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एलकेजी का पोर्टल बन्द है, इससे पालक इन कक्षा के लिए आवेदन नही कर पा रहे हैं। 2022 में यहां आत्मानंद स्कूल संचालित है जहां एलकेजी क्लास में प्रवेश दी जाती थी इस वर्ष एलकेजी की पोर्टल बन्द होने से पालकों में असमंज है कि कहीं एलकेजी क्लास बन्द न हो जाये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूलों में एलकेजी क्लास बन्द कर दी है ।वही इसका कारण फंड की कमी बताई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 50 प्रतिशत रिक्त सीट में से प्रवेश और गरीबी रेखा के छात्र छात्राओं के लिए दर्ज संख्या के आधार पर 25 प्रतिशत लेना होता है। एलकेजी क्लास की पोर्टल बन्द होने से आवेदन करने वाले पालकों में रोष व्याप्त हैं। सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। इस बार पालकों को एक ही स्कूल में आवेदन करना होगा । ब्लॉक में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में एलकेजी पोर्टल बन्द होने से पालक आवेदन करने में वंचित हो रहे हैं।

# पहली बार गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर लगाया तैरता हुआ पेसमेकर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में महिला के गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर चिकित्सकों ने तैरता हुआ पेसमेकर लगाया।

महिला जन्मजात एब्स्टीन एनामली नामक बीमारी से पीड़ित थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरी की गई इंटरवेंशन प्रोसीजर के बाद महिला को इस बीमारी से राहत मिल गई। तीस वर्षीय महिला इस बीमारी से पीड़ित होने के कारण पहले ही वॉल्व रिप्लेसमेंट की सर्जिकल प्रक्रिया से गुजर चुकी थी। इसके साथ ही उसे प्री एक्लेम्पसिया की समस्या थी और हार्ट पूरी तरह ब्लॉकेज हो चुका था। विभिन्न जटिलताओं के कारण मरीज को सामान्य पेसमेकर लगाना संभव नहीं था, इसलिए गर्दन की नस (जुगलर वेन) के रास्ते दिल में तैरने वाला पेसमेकर लगाकर जान बचाई गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में पैर की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाया जा चुका है, लेकिन गले की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाने का देश एवं राज्य का संभवतः यह पहला केस है। महिला का उपचार स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत निशुल्क हुआ। महिला मरीज उपचार के लिए जब एसीआई पहुंची, तो उसका हृदय पूरी तरह ब्लाक हो चुका था। विभिन्न जांच के बाद चिकित्सकों ने लीडलेस पेसमेकर लगाने की चुनौती स्वीकार की गई। इस केस में डॉ. स्मित श्रीवास्तव का साथ डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता, कैथलैब टेक्नीशियन आईपी वर्मा, नर्सिंग स्टॉफ नीलिमा शर्मा, गौरी, रौशनी, वंदना, डिगेन्द्र, खेम, पूनम, महेन्द्र ने दिया।

## एसीआई के कार्डियोलॉजी प्रमुख ने पूरा किया इंटरवेंशन प्रोसीजर

- जन्मजात एब्स्टीन एनामली बीमारी से पीड़ित महिला को मिली राहत




### क्यों होती है बीमारी

एब्सटिन एनामली एक जन्मजात हृदय रोग है। भ्रूणावस्था के पहले 6 सप्ताह में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता और यह अपनी जगह न होकर दायें निलय की तरफ चला जाता है, जिसके कारण दायां निलय ठीक से विकसित नहीं हो पाता, जिसको एट्रियालाइजेशन का राइट वेंट्रीकल कहा जाता है।

## खाने के बाद शरीर के ताप को नियंत्रित करता है बोरे-बासी

# गढ़कलेवा के मेनू से बोरे-बासी गायब, गर्मी चरम पर पहुंच रही, पर इसकी मांग आई ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा के मेन्यू से छत्तीसगढ़ का ठेठ देहाती पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी गायब हो गया है, जिसके कारण लोगों को बोरे बासी का स्वाद भी चखने के लिए नहीं मिल पा रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी को तिहार के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया था। इस तिहार को राज्य में अलग-अलग अंदाज में मनाया गया था, जिसमें मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर मुख्य सचिव, कलेक्टर-एसपी सहित सारे विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारियों ने इस दिन बोरे-बासी खाया था। खाना खाने के साथ इनका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जिसके कारण इस छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली थी। सरकार बदलने के बाद बोरे-बासी की पूछ-परख बंद हो गई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के मेन्यू से ही यह गायब हो गया है।

अलग खबर

### बोरे-बासी खाने के फायदे

छत्तीसगढ़िया व्यंजन बोरे-बासी खाने से कई फायदे होते हैं। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डि-हाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती। बताया जाता है कि इसे खाने के बाद यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। जिसकी वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है।

## मजदूरों के सम्मान में अब नहीं मन रहा बोरे-बासी तिहार




गढ़कलेवा की सूरत भी बिगड़ी

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट चौक के पास संस्कृति विभाग परिसर में स्थित गढ़कलेवा नाम से एक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का रेस्टॉरेंट बनाया गया है, जिसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को परोसे जाते हैं। गढ़कलेवा में लोगों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी से लेकर कॉटेज सभी बस्तर के पारंपारिक कलाकृति स्टाइल में बनाया गया है, ताकि यहां पहुंचने वाले लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति व कलाकृति से परिचित होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठा सकें, लेकिन पिछले सालभरसे गढ़कलेवा का रखरखाव नहीं होने से इसकी सूरत बिगड़ने लगी है। यहां बस्तर की कलाकृतियों से बने कॉटेज व अन्य कलाकृतियां जंग खाने के साथ टूट-फूट गई हैं। यही नहीं, लकड़ी व बांस से बनाए गए टेबल-कुर्सी सहित अन्य कलाकृतियां भी बेरंग हो चुकी हैं।

### कलेक्टोरेट परिसर में संचालित गढ़कलेवा से भी बोरे बासी गायब

कलेक्टोरेट स्थित जिला पंचायत बिल्डिंग परिसर में संचालित गढ़कलेवा के व्यंजनों के मेन्यू से बोरे-बासी का नाम हटा दिया गया है। इसके कारण यहां भी बोरे-बासी अब मिलना बंद हो गया है। इस गढ़कलेवा की संचालक विनीता पाठक ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 1 मई को बोरे-बासी लोगों को परोसा गया था। इसके बाद कुछ दिनों तक बोरे-बासी की मांग रही, लेकिन बाद में इसकी मांग कम हो गई, जिसके कारण बोरे-बासी रखना बंद कर दिया है। इस गर्मी के सीजन में भी मांग अभी नहीं है। 1 मई को श्रमिक दिवस पर बोरे-बासी व्यंजन बनाया जाएगा। राज्य में बोरे-बासी तिहार मनाये जाने के बाद गढ़कलेवा के साथ कई छोटे-बड़े होटल व रेस्टोरेंट में भी बोरे-बासी मिलने लगा था, लेकिन अब उन होटल-रेस्टोरेंट के मेन्यू से भी यह गायब हो चुका है।

# मई के दूसरे सप्ताह में दसवीं-बारहवीं के नतीजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परिणाम मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाएंगे। राजधानी रायपुर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। माशिम इसके बाद परिणामों की घोषणा करेगा। निश्चित तिथि की घोषणा कुछ दिनों में कर दी जाएगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, दूसरे सप्ताह के प्रारंभ में ही माशिम परिणाम घोषित करेगा। बीते वर्षों की तरह इस बार भी दसवीं-बारहवीं के परिणाम एक साथ ही जारी किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अब परिणाम तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्य भी लगभग अंतिम चरण में ही है। गौरतलब है कि इस बार दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 43 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए थे। इसके अलावा दसवीं में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में 6 हजार तथा बारहवीं में 8 हजार छात्र शामिल हुए थे। मूल्यांकन के लिए प्रदेश में 36 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से दो केंद्र राजधानी में थे। रायपुर के दानी स्कूल तथा जेएन पांडेय विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई हैं।

### दो बार परीक्षा इस सत्र में नहीं

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित कराने संबंधित निर्णय कुछ दिनों पूर्व शासन द्वारा लिया गया था, लेकिन इसके मौजूदा सत्र से लागू होने की संभावना नहीं है। माशिम 2025 से ही छात्रों को यह सुविधा प्रदान करेगा। मंडल की बैठक में इससे संबंधित निर्णय लिए गए हैं। प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर भेज दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मार्च में होने वाली दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में फेल अथवा अपने अंकों से असंतुष्ट छात्रों को दोबारा मौका दिए जाने का प्रावधान था। ऐसे छात्रों के लिए जुलाई में पुनः परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### दूसरे सप्ताह में

मूल्यांकन संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। हम मई के दूसरे सप्ताह में 10वीं-12वीं के परिणाम घोषित कर देंगे। निश्चित तिथि फिलहाल नहीं बता सकते।

- **पुष्पा साहू**, सचिव, माशिम

# रविवि में शुरू होगा सिंधी में एमए, देश में जहां ये पाठ्यक्रम संचालित, वहां से लिए जाएंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सिंधी भाषा में एमए की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला है। जुलाई से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत हो सकती है। इसके लिए रविवि ने तैयारी आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन पाठ्यक्रम के संचालन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी मिलते ही इसमें प्रवेश सहित अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। फिलहाल रविवि में सिंधी भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। गुरुवार को इसके परिणाम जारी किए गए, जिसमें सभी छात्रों ने सफलता हासिल की है।

देशभर में ऐसे शैक्षणिक संस्थानों की संख्या मात्र 4 है, जहां सिंधी भाषा में एमए की उपाधि दी जा रही है। जिन संस्थानों में यह पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, वहां से जानकारी जुटाई जा रही है। सिलेबस, रेफरेंस बुक सहित अन्य तरह की जानकारी एमए सिंधी के लिए एकत्र की जा रही है। रविवि यूटीडी में भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत ही इसका संचालन होगा। संबद्ध महाविद्यालयों के स्थान पर सिर्फ विवि अध्ययनशाला में ही इसकी पढ़ाई होगी।

## फिलहाल सिंधी भाषा में डिप्लोमा प्रदान करता है रविवि



### एमकॉम भी नए सत्र से

नए सत्र से रविवि द्वारा एमकॉम की भी शुरुआत की जा रही है। यह पहला मौका होगा, जब यूटीडी में वाणिज्य संकाय की एंट्री होगी। अब तक यहां कॉमर्स संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम का अध्ययन-अध्यापन नहीं होता रहा है। शुरुआत में इसे प्रबंधन संकाय के अंतर्गत ही रखा जाएगा। इसमें भी शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 से 30 के मध्य रहने की संभावना है।

### रविवि पहला संस्थान

छत्तीसगढ़ में एमए सिंधी की पढ़ाई शुरू करने वाला रविवि पहला संस्थान होगा। रविवि के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य किसी विश्वविद्यालय में फिलहाल इसका संचालन नहीं हो रहा है। इसमें दाखिले प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 के लगभग रह सकती है। इसके लिए विस्तृत अधिसूचना उच्च स्तर पर अनुमति मिलने के बाद ही जारी होगी। डिप्लोमा इन सिंधी को छात्रों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में प्रबंधन को उम्मीद है कि डिग्री पाठ्यक्रम को भी अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

# देर रात तक पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मतदान को संपन्न कराने के बाद देर रात पोलिंग पार्टियां लौटी। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी पिटियाझर में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दल देर रात तक पहुंचते रहें। सुबह राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 17 प्रत्याशियों के भाग्य को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब 37 के लंबे इंतजार के बाद 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। इधर, विधानसभा की अपेक्षा कम मतदान होने को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। संसदीय क्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत आने वाले जिले के चार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद विधानसभा चुनाव में बनाए गए 1080 केंद्रों में शुक्रवार की शाम तक वोटिंग चली। इसके बाद विभिन्न रूट चार्ट के लगाए गए बसों के माध्यम से देर रात तक पोलिंग पार्टियां देर रात तक जिला मुख्यालय पहुंचती रही।

### 1284 स्काउट-गाइड ने पोलिंग बूथों में दी सेवाएं

**महासमुंद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 द्वितीय चरण के मतदान में महासमुंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत जिला आयुक्त स्काउट निदेशन में महासमुंद जिला में मतदान दिवस को पांच विकासखंड के मतदान केंद्रों पर 1284 स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर एवं गाइडर ने वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता को मतदान केंद्र में सहयोग करने प्रातः 7 बजे उपस्थित होकर मतदाताओं को तिलक लगाकर स्वागत, दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर वरिष्ठ मतदाता को सहारा देकर मतदान करने में अपनी सेवाएं दी। सेवाभावी स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर गाइडर प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी को जिला संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिए हैं। जिसमें अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड, संतोष कुमार साहू डीटीसी स्काउट, लिलीमा साहू डीटीसी गाइड, रामकुमार साहू जिला सचिव, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, लीनु चंद्राकर डीटीसी गाइड, तुलेंद्र सागर जिला सहसचिव, प्रमोद कन्नौजे मीडिया प्रभारी, चंद्रकांता ठाकुर संयुक्त सचिव, शुशील शर्मा कोषाध्यक्ष, स्थानीय संघ सचिव गण लता वैष्णव महासमुंद, राम कुमार नायक पिथौरा, विवेकानंद दास बसना, यशवंत चौधरी सराईपाली, मधु शर्मा, नितिन श्रीवास्तव, हीरेंद्र साहू, योगेश्वर डड़सेना सभी ने हर्ष व्यक्त किया है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

शोक संदेश



स्व. कु. मुक्ताश्री साहू

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी सुपुत्री कु. मुक्ताश्री साहू का स्वर्गवास 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है। अतः सपरिवार शामिल होकर मृत आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
तिजनाहवन - 28.04.2024, रविवार, पंचनाहवन - 30.04.2024, मंगलवार
कार्यक्रम स्थल - ग्राम बोड़की (बेलर), जिला गरियाबंद
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से

शोकाकुल परिवार :
परमेश्वर, नूतन, नेमु, कमलेश, रमेश टिकेन्द्र, मिथलेश, हेमंत, महेश, खिलेश, ओंकार, तेजल, कुहुक एवं समस्त साहू परिवार

प्रतिष्ठान
शिवईच्छा चॉईस सेंटर स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र, बस स्टैण्ड, राजिम
मो.नं. 9893926008

विनीत :
बेदराम-ललिता साहू (दादा- दादी),
बिसहत राम साहू-मीना साहू (नाना-नानी)
लाकेश-टिकेश्वरी साहू (पापा-मम्मी)
भूपेन्द्र-अनामिका (चाचा-चाची)
ग्राम बोड़की

टीप : जिस किसी सज्जन को शोक पत्र न मिला हो, वे इसे ही स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### पूर्वान्श कक्षा 1ली में प्रथम



**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्वान्श सिन्हा ने कक्षा 1ली में 95 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें परीक्षा परिणाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के सभापति थानसिंग निषाद, अध्यक्षता समाज सेवी शीतल ध्रुव, प्राचार्य संतोष वर्मा विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा शील्ड प्रदान गया। पूर्वान्श योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, नर्मदा सिन्हा के पुत्र हैं। उन्हें सीमा सिंह, फलेश्वर दंडसेना, गोपाल सोनी, आकाश दीक्षित, भागवत सिन्हा, डॉ. ज्योतिनारायणं दुबे, गोविंदा नेताम, होरीलाल साहू ने शुभकामनाएं दी।

### लघु वनोपज की दर निर्धारित



**रसेला।** वनांचल क्षेत्र में वनों में मिलने वाले लघु वनोपज छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित राशि तय किया गया है। सीजन वर्ष 24 का तेंदूपत्ता पत्ता प्रति सैकड़ा 550 रूपए, साल बीज ग्रेड 1. 20 रूपए प्रति किलो, ग्रेड 2. 18 रूपए प्रति किलो लिया जाएगा। इसी तरह चिरौंजी ग्रेड 1. 350 रूपए, ग्रेड 2. 270 रूपए, ग्रेड 3. 190 रूपए प्रति किलो खरीदी की जावेगी। ज्ञात हो कि महुआ फूल गिरने का अंतिम दौर पर है। इसका रेंट शासन द्वारा 30 रूपए प्रति किलो रखा गया है। और महुआ बीज का 29 रूपए है।जबकि बाजारों में व्यापारी द्वारा महुआ 45 से 46 रुपये में खरीदी कर रहे हैं। और चिरौंजी बाजार में 300 रूपए में खरीदा जा रहा है। मालूम हो कि अभी महुआ बीज और सालबीज आने में अभी समय है। इसका भी बाजार रेट निर्धारित दर से ज्यादा रहता है। वनों उपजाऊ से मिलने वाले कोई भी चीज संग्राहक अपने घर की खर्च चलाने के लिए बाजार में बेच देते हैं, और उसको तुरंत राशि भी मिला जाता है। शासन द्वारा निर्धारित रेट में बचने से राशि नगद नहीं मिल पाते इसलिए सग्रहाक बाजारों में बेच देते हैं।

पेज 9 का शेष...

### 6 मतदान केंद्रों में चुनाव

किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमीत तुकाराम कांबले ने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए समझाया पुलिस अधीक्षक के समझाईस के बाद ग्रामीणों ने मतदान करने को तैयार हुए। ग्रामीणों ने बताया टाईगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण हम लोगों को अनेक योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को अश्वासन के बाद चुनाव में मतदान के लिए तैयार हुए और दो घंटे में ही 50 प्रतिशत मतदान हो चुका था। प्रदेशभर में सर्वाधिक मतदान 81.19 प्रतिशत गरियाबंद जिले बिंद्रानवागढ़ में हुआ। कई गांवों में मतदान बहिष्कार का एलान फ़िर भारी नक्सली गतिविधियों की चुनौती के बावजूद सफल और सर्वाधिक मतदान कराने में प्रशासन सफल रहा। जिले में 20 अतिरिक्त कम्पनी तैनात की गई थी, जिसमे 15 सीआरपी एफ, 4 एमपीएसएफ,1 सीएएफ, जिन्हें नक्सली गतिविधि इलाके में तैनात कर भय मुक्त मतदान कराने का सफल प्रयास किया गया। संवेदनशील इलाके में दो दिन पहले से ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। अभ्यारण्य इलाके में मतदान दल को निकालने में भी पुलिस ने कारगर रणनीति अपनाई। प्रचलित मार्ग के बजाए पहले से प्लान में शामिल कम आवाजाही वाले मार्गों का चयन किया गया. आमामोरा ओढ़ में दल को लाने ले जाने सेना चौपर का इस्तेमाल किया गया।

**दिवस : मलेरिया से बचाव और इसकी रोकथाम हेतु रैली निकाल कर ग्रामीणों को किया जागरूक**

# घर के आसपास गड्ढों में नालियों का पानी जमा न होने दें : डॉक्टर गार्गी

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| मैनपुर




मलेरिया नाम सुनते ही मच्छर हमारे जेहन में नजर आ जाता है। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पूरी दुनिया में इस मच्छर जनित बीमारी पर विजय पाने के लिए वैज्ञानिकों डॉक्टरों और शोधार्थियों द्वारा की गई प्रयासों के संबंध में चर्चा का दिन है। मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार परजीवी की खोज के बाद से अब तक अनेकों जतन करने के बाद भी मलेरिया बीमारी को पूर्ण रुप से खत्म नहीं किया जा सका है। मलेरिया से बचाव और इसकी रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। गरियाबंद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मनमोहन सिंह ठाकुर निर्देशानुसार गरियाबंद जिले के सभी विकासखंडों में विभिन्न गतिविधियों के साथ मलेरिया दिवस मनाया गया। गरियाबंद जिले के मलेरिया प्रभावित जंगली क्षेत्र मैनपुर, शोभा ,गौरगांव, कोरबा, पीपरछेड़ी, लिटीपारा, मौहाभाठा, कौंदकेरा, मदनपुर में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो ने मितानिनों और ग्रामीणों के साथ रैली निकल गई। बैठक आयोजित कर आने वाले समय में क्षेत्र को मलेरिया मुक्त करने के लिए विभिन्न उपायों की चर्चा की। और बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। अपने घरों के आसपास गंदगी न फैलाने, उपयोग के बाद पानी की सही निकासी की व्यवस्था करने व घर के आसपास गड्ढों नालियों में पानी जमा न होने देना चाहिए। यदि पानी भरा हो तो उसमें जला हुआ ऑयल या मिट्टी तेल डाल कर मच्छर के लार्वा को पनपने से रोका जा सकता है। किसी भी तरह का बुखार आने पर अपने क्षेत्र के मितानिन या निकट केमलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर मरीज को इसकी दवा की पुरी खुराक डॉक्टर के बताए अनुसार खाना अति आवश्यक होता है। क्योंकि आधी अधूरी दवाई खाने से मरीज पूरी तरह से ठीक नहीं होगा और आगे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों के लिए मलेरिया अधिक घातक हो सकता है। कभी-कभी मलेरिया के बाद मरीज को कमजोरी, खुन की कमी और लिवर कमजोर होने से पीलिया भी हो सकता है। अतः मच्छर हमारे आसपास न पनप सके न काटे इसकी रोकथाम हेतु पूरा प्रयास करना चाहिए। स्वस्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जांच जरूर कराना चाहिए।

### इस तरह की सावधानियों को हमेशा रखे ध्यान

डेंगू से बचाव बचना है तो कूलर का पानी तत्काल खाली करें। घर आंगन में कहीं भी पानी का जमाव न होने दें। केरोसिन तेल या जला हुआ तेल अपने घरों व आसपास की नालियों में डालें। बाहर खाने से बचें। पीने का पीने का पानी उबालकर ही पीएं। यदि घर व आसपास कचरा जमा हुआ है तो उसे तुरंत साफ करें या करवाएं। इससे मच्छर वहां पर नहीं पनप पाएंगे।

# स्काउट के छात्रों ने मतदाता मित्र के रूप में किए कार्य

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के स्काउट के छात्रें ने जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सचिव रोमन लाल साहू,विकासखंड शिक्षा अधिकारी, रामेंद्र कुमार जोशी जिला संगठन आयुक्तस्काउट, आशीष साहू जिला संगठन आयुक्त गाइड सीमा साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग पर मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला भवन बिजली में दो पाली जिसमें प्रथम पाली सुबह 7 से 12:30 बजे एवं 12:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदाता मित्र के रूप में स्काउट के छात्रों ने दिव्यांग, निशक्तजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं को पानी पिलाने, लाईन लगवाने, मतदान हेतु प्रेरित करने जैसे कई सेवा कार्य उपरोक्त दिवस पर किए। उनके इस कार्य पर संस्था प्रमुख पूरन लाल साहू स्काउट प्रभारी नकुल राम साहू एवं विद्यालय की समस्त स्टाफ का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। जिसमें नितिश यदु, मोहित निषाद, करण निषाद, प्रीतम कुमार साहू स्काउट ने मतदाता मित्र के रूप में अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन किया।



# सीएम साय के हाथों कैलाश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

चंडीगढ़-पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 8 सौ मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले कैलाश साहू का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, अशोक बजाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। श्री साहू ने यह दूरी 2 मिनट 15 सेकण्ड में प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया। वे फुलकर्रा स्कूल में व्यायाम शिक्षक है। इसके पूर्व भी इन्होने वाराणसी और बैंगलोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है।

# पीएम मोदी के 400 पार का नारा फलीभूत होते दिख रहा है: रतिराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पश्चात क्षेत्र के नेता रतिराम साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुत पुरानी ऐतिहासिक पार्टी है, जिनको देश चलाने का बड़ा तजुर्बा है ऐसा समझते थे लेकिन आज तजुर्बावान लोग नहीं रहे कुछ लोग थे। वे लोग भी परिस्थितियों को देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और कुछ लोग क्षेत्रीय पार्टी बना लिए हैं। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब बूढ़ी हो चुकी है इतनी पुरानी पार्टी आज कुछ ही राज्यों में सिमट कर रह गई है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के कुछ बड़े नेता कहते है कि लोकतंत्र खतरे में है, भारत खतरे में है, संविधान खतरे में है, जबकि देखा जाए तो कांग्रेस स्वयं खतरे में है। किसी समय में एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी जिनके कभी 404 सांसद हुआ करते थे, अब दो अंको में ही सिमट कर रह गया हैं। श्री साहू ने कहा कि कभी मात्र दो सांसद की स्थिति में रहने वाली भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार चलाने में सफल रहे। अब 2024 में 400 पार का मोदी जी का नारा फलीभूत होते दिखाई दे रहा है।

# बोरसी के तीन बूथों पर शांतिपूर्ण हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



26 अप्रैल को ग्राम बोरसी मे लोकसभा चुनाव को लेकर तीन बूथो मे शांति पूर्ण मतदान कार्य संपन्न हुआ। बूथ क्रमांक-106 मे जिसमे कुल मतदाता 884 मे 649 लोगों ने मतदान किया। इस बूथ कुल 73 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 107 मे 688 मतदाताओं मे से 523 मतदाताओं ने मतदान किया जहां पर मतदान का प्रतिशत 76 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 108 मे 1092 कुल मतदाताओं मे से 864 मतदताओं ने मतदान कर लोकतंत्र के चुनाव मे अपनी भागीदारी निभाई। इस बूथ मे 79 प्रतिशत मतदान हुआ।लोग सुबह से ही मतदान करने लाइन लगाकर अपनी अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया वहीं पर भरी गर्मी मे भी लोग मतदान करने लाइन लगाकर खड़े रहे।

### विधायक रोहित ने मतदान केंद्रों का किया अवलोकन



**छुईहा बेलर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान संपन्न हुआ। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू सुबह 10 बजे से विभिन्न मतदान केन्द्र पहूंचें। जिसमें परसदाकला, पतोरी, पतोरा, बेलर, चरौदा, छुईहा, कौंदकेरा, फिगेंश्वर अन्य सहीत 30-40 मतदान केन्द्र का दौरा किया और वहां भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर रूझान का अवलोकन किया गया। वहीं मतदाताओं का औपचारिक अभिवादन भी स्वीकार किया गया और मताधिकार का उपयोग करने पर धन्यवाद किया। दौरा करते विधायक राजिम रोहित साहू रात 7 बजे अंतिम में छुईहा मतदान केन्द्र पहूंचें।

# बारात से पहले परिवार संग दूल्हा ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बेलर में 26 अप्रैल को वोटरों का रुख मतदान करने के लिए बखूबी दिखाई दे रहा था। इसका अंदाजा दूल्हे राजा भीखम सिन्हा बेलर के वोटिंग करने से लगाया जा सकता है। जहां एक नव युवक दूल्हे की पोशाक पहने हुए दुल्हनिया ले जाने से पहले बारात निकलते समय अपने पिता चिंता राम सिन्हा के साथ वोट करने पोलिंग बेलर प्राथमिक शाला बूथ जा पहुंच। जहां दूल्हे राजा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके बाद दूल्हे राजा बारात लेकर दुल्हनिया ले जाने के लिए अपनी गाड़ी को आगे रवाना हूये।

वोटिंग के बाद उन्होंने वोटिंग करने वाली स्याही दिखाकर लोगों को जारूक किया। जिसको लेकर अन्य लोग भी दूल्हे राजा की इस पहल को लेकर उत्साहित थे। इसके साथ वोटिंग करने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, सरपंच बेलर टायल साहू, पूर्व सहकारी समिति अध्यक्ष शेखर साहू, संदीप साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान किया।



# लिलेश्वरी ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ग्राम पंचायत हरदी में लोकसभा चुनाव के दिन मतदान करने सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ रही। मतदातागण अपने संबंधित मतदान केंद्रों में उत्साह के साथ कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थी। इससे महिला, युवा, बुजुर्ग व दिव्यांग सहित सभी वर्ग के मतदाता उत्साहित होकर मतदान किया। दिव्यांजनों के लिए दिव्यांगरथ की व्यवस्था की गई थी। इसी प्रकार शादी व्याह में व्यस्त दुल्हे राजा शिवा यादव एवं 80 प्रतिशत दिव्यांग लिलेश्वरी निषाद ने अपनी बहुमूल्य वोट देकर प्रजातंत्र को मज़बूत बनाने के लिए वोट किया।

# 11 बजे तक मतदान केंद्रों में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सेंदर में एक तरफ रबी फसल के तहत खेतों में खड़ी धान की फसल तो दूसरी तरफ लोकतंत्र का महापर्व। इस मौके पर सेंदर के ग्रामीणों ने अपने दोनों जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। पहले मतदान केंद्रों में जाकर अपना लोकतांत्रिक कर्तव्य निभाया और इसके बाद फसल की देखभाल की। सेंदर, चैतरा, बारूला ,बोडकी व चरौदा क्षेत्र में ग्रामीणों ने सुबह सात से 11 बजे तक मतदान को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह दिखा। 11 बजे के बाद इक्का-दुक्का लोग ही मतदान केंद्र में पहुंच रहे थे। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व सेंदर में उत्साह काफी ज्यादा दिखा। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचे। सेंदर भाजपा नेता रामाधार साहू, काग्रेंस नेता डॉ.महेश कुंजाम, शिवराम साहू, बारूला भाजपा नेता सुकदेव साहू, चरभट्ठी सरपंच ओमप्रकाश साहू, गंगादिन साहू, भाजपा नेता समाजिक कार्यकर्ता देवगांव रूपसिंग साहू , खोमन साहू बेलर ने मतदान किया गया। वही आंगनबाड़ी, मितानिन, स्काउट गाइड, पंचायत सचिव की भुमिका लोकतंत्र की इस पर्व को सफल बनाने में अहं भूमिका थे।

**पटेल समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

# युवक देश की आन बान और शान हैं: जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि युवा देश की शान है, युवा का अर्थ है, जोश उमंग से ओतप्रोत। युवा चाहे तो अपनी सकारात्मक सोच के साथ देश और समाज की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। देश और समाज को उन्नति की शिखर पर ले जा सकता है।

समाज के विकास में युवा बढ़-चढ़ कर भाग ले। कार्यक्रम में मौजूदजिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने कहा कि समाज के विकास में युवाओ का योगदान सराहनीय है, युवाओ के सकारात्मक सोच के परिणाम से समाज में नवाचार शिक्षा, आदर्श विवाह, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, निशुल्क केरियर गाईडेन्स की व्यवस्था, निशुल्क सब्जी वितरण, कोरोना काल में राशन वितरण जैसे कार्यक्रम युवाओ के सोच का परिणाम है। समाज के नगर अध्यक्ष भुखन पटेल ने कहा कि हमारा समाज सरल और सादगी पूर्ण जीवन जीने वाला समाज है, कड़ी मेहनत कर अपना जीवन यापन करते है, समाज को संगठित करने व आगे बढ़ाने युवाओ को समाज की मुख्यधारा मे जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग को समाज के नियम और मर्यादा की जानकारी हो। राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि मरार समाज एक संगठित समाज है, यह समाज लगातार आगे बढ़ रहा है, सामाजिक समरसता के साथ सभी समाज मिलजुल कर नगर का विकास करना हम सबकी प्राथमिकता होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन समाज के जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल व आभार नगर सचिव कमल पटेल ने किया। इस अवसर पर भागवत पटेल, सुरेश पटेल, दिलीप पटेल, शेशु पटेल, रामनाथ पटेल, ईश्वर पटेल, मनोज पटेल, महेश पटेल, किशोर पटेल, किशन पटेल, नंदन पटेल, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। प्रारंभ में अतिथियो ने मां शाकंभरी की पूजा- अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

